# Denim Developers Limited

Regd. Office: Flat No 1273, Suwalka Riddhi Siddhi Residency, Plot, No 1-4,
Rajeev Gandhi Nagar Ext, Road No.1, IPIA, Kota-324005, Rajasthan,
Email Id: info@denim.org.in , Contact No: +91 -73000 -83921
(CIN- L36101RJ1969PLC076649)

February 11, 2023

To,
Listing Department,
Metropolitan Stock Exchange of India Limited
Vibgyor Towers, 4th Floor, Plot No. C-62, G-Block,
Opp. Trident Hotel, Bandra Curla Complex,
Bandra (E), Mumbai - 400098

**Sub.: Submission of Newspaper publication for Financial Results of Quarter ended 31st December, 2022 in compliance of regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copy of newspaper advertisement with regards to the Financial Results of Quarter ended 31st December, 2022 published in the newspaper namely The Indian Express and Jannayak.

Kindly take the same on records.

Thanking You,
For Denim Developers Limited

DENIM DEVELOPERS LIMITED

Rajesh Kumar Patil
Whole Time Director and CFO
DIN:- 02333360

Encl.: As Above

## बहुमंजिला इमारतों के निर्माण कार्य को रुकवाया

# यूआईटी ने शुरू किया सर्वे, हॉस्टल संचालकों में मचा हड़कंप

जननायक संवाददाता



**कोटा।** जवाहर नगर थाना क्षेत्र में हादसे के दौरान कोचिंग छात्र की छठी मंजिल से गिरकर मौत होने के मामले में हॉस्टल में पाई गई अनियमितता को देखते हुए नगर विकास न्यास ने शहर में बने हॉस्टल व बहुमंजिला इमारतों का सर्वे शुरू किया है। यूआईटी के सर्वे से हॉस्टल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। शहर में करीब 90 प्रतिशत आवासीय भूखंडों पर नियम विरुद्ध तरीके से बहुमंजिला इमारतें बनाकर उनमे व्यावसायिक काम लिया जा रहा है। यूआईटी प्रशासन द्वारा सर्वे के दौरान अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी कर सीज की कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल कोटा शहर कोचिंग हब के रूप में विकसित होने के साथ ही हॉस्टल व्यवसाय का बड़ी तेजी से विस्तार हुआ है। आवासीय भूखंडों पर लोगो ने बिना परमिशन के नियम विरुद्ध 5 से 10 माले की बिल्डिंग का निर्माण कराकर कोचिंग छात्रों को रहने के लिए कमरे दिए हुए है। जहां छात्रों से अधिक से अधिक कमाई के लिए इन होस्टलों में मेस भी चलाई जा रही है। छात्रों से एक मुश्त भुगतान लेने के कारण होस्टल संचालक अपनी मनमानी करते हुए हुए छात्रो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। मेस के खाने से संतुष्ठ नहीं होने व शिकायत करने पर छात्रों को होस्टल से निकालने की धमकियों के मामले भी कई बार सामने आ चुके है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर छात्रों के हित में कोचिंग इंस्टीट्यूट, होस्टल संचालको ओर व्यापारियों के साथ बैठक कर गाइड लाइन बनाकर दिशा निर्देश दिए गए। जो कोरी कागजी कार्यवाही साबित होने से आज भी इन छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### आवासीय भूखंड पर चल रहे है होस्टल

शहर के कई इलाकों जिनमें इंद्रप्रस्थ एरिया, राजीव गांधीनगर, इंद्रा विहार, तलवंडी, जवाहर नगर, महावीर नगर, दादाबाड़ी, वसंत विहार, विज्ञान नगर, बोरखेड़ा, लैंडमार्क सिटी, कुन्हाड़ी सहित विभिन्न इलाको में जहां आस-पास के क्षेत्रों में कोचिंग संचालित होने से यहां पर बड़ी संख्या में आवासीय भूखंडों पर बहुमंजिला इमारत बनाकर यहां हॉस्टल चलाए जा रहे है।

कोटा उत्तर नगर निगम में करीब 1800 व दक्षिण नगर निगम क्षेत्र में 2600 से ज्यादा होस्टल संचालित है। भवन निर्माण के दौरान इन आवासीय भूखंडों पर निर्माण के दौरान यूआईटी से जी-1 जी-2 की परमिशन ली गई। लेकिन लोगो ने यूआईटी की बिना परमिशन के 5 से 10 माले खड़े कर लिए। इनमे नियमानुसार पार्किंग व सेट बेक के के लिए स्थान तक नही छोड़ा गया। ऐसे कई होस्टल रिहायशी कॉलोनियों में लाइन के लाइन बने हुए है। अधिकतर बहुमंजिला इमारतों और होस्टलों में फायर सेफ्टी सिस्टम, ट्रेड लाइसेंस व फुड लाइसेंस तक नहीं है। फायर सेफ्टी को लेकर पूर्व में निगम प्रशासन द्वारा कोटा उत्तर व कोटा दक्षिण नगर निगम क्षेत्र में सर्वे के दौरान अधिकतर बिल्डिंगों में फायर सेफ्टी इक्यूपमेंट तक नहीं पाए गए थे। जिसके चलते कोटा उत्तर नगर निगम में 500 व कोटा दक्षिण नगर निगम करीब 1100 हॉस्टल के मालिकों को नोटिस जारी किये गये थे। जिसमें मात्र 100 से 150 बिल्डिंग मालिको ने ही व्यवस्थाओं में सुधार किया। कोचिंग से जुड़ा मामला होने के कारण जनप्रतिनिधियों व उच्चाधिकारियों के दबाव में मामला ठंडे बस्ते में चला गया था।

### छात्रों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

शहर के अधिकतर होस्टल में कोचिंगे छात्रों से अधिक से अधिक कमाई के लिए होस्टल के साथ-साथ मेस का काम भी किया जा रहा है। होस्टल संचालको द्वारा होस्टल किराया व मेस के नाम पर छात्रों से एकमुश्त पैसा जमा करने के बाद अधिकतर होस्टलों में अपनी मन मर्जी से खाने का मेन्यू तैयार करते है। छात्रों इसका विरोध करते है तो उन्हें होस्टल से निकालने तक कि धमकियां देने का मामला पूर्व में भी सामने आ चुका है। होस्टल में आने व जाने के नाम से वार्डन द्वारा छात्राओं से अवैध रूप से पैसों की वसूली की जाती है। पैसा नहीं देने पर हॉस्टल वार्डन द्वारा छात्राओं को उनके अभिभावकों को शिकायत की धमकियां दी जाती है।

### अधिकारियों पर प्रभावशाली लोगों का दबाव

छात्रों के सुसाइड के मामलों को रोकने के लिए प्रशासन की और से कोचिंग व होस्टल संचालकों के खिलाफ कठोर कदम उठाने पर नेताओ व प्रतिष्ठित लोगो के फोन आने से अधिकारी खुद को असहाय महसूस करते है। अलग-अलग राज्यो के छात्र कोटा में कोचिंग के लिए आते है। इसलिए कोटा को शिक्षा की काशी कहा जाता है।

"हॉस्टल में अनियमितताओं को लेकर मिल रही शिकायतों पर जवाहर नगर व बोरखेड़ा इलाके में निरीक्षण किया गया। जहां करीब 20 निर्माणाधीन बिल्डिंगों का काम रुकवाया गया। आवासीय भूखण्ड पर जी-1 व जी-1 की परमिशन लेकर बहुमंजिला बिल्डिंग खड़ी की जा रही थी। मौके पर मालिक के नहीं होने से काम बंद कराकर चेतावनी दी गई थी। यदि उनके पास परमिशन नहीं हुई तो सर्वे कर मौके पर ले-आउट प्लान की जांच की जाएगी। इन बिल्डिंग में अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी कर सील की कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार की कार्रवाई शहर के अन्य स्थानों पर भी की जाएगी।"

■ **कैलाश प्रसाद मीणा,** तहसीलदार

"ये सच है कि अधिकतर हॉस्टलों व बहुमंजिला इमारतों में फायर सेफ्टी उपकरण नहीं लगे हुए है। निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में सर्वे के बाद कोटा उत्तर व दक्षिण नगर निगम क्षेत्र में के 1600 के करीब हॉस्टल मालिकों को नोटिस जारी किया था। जिसमें 100 से 150 लोगों ने ही नोटिस का जवाब दिया। आगे इस कार्रवाई को फिर से शुरू कर सर्वे कर उचित कार्रवाई की जाएगी।"

■ **राकेश व्यास,** अग्निशमन अधिकारी, नगर निगम कोटा दक्षिण

# पुरानी घोषणाएं पूरी नहीं होने के विरोध में किसानों ने प्रदर्शन किया




### भारतीय किसान संघ ने बजट को लोक लुभावन और जमीनी सच्चाई से परे बताया

जननायक संवाददाता

**कोटा।** भारतीय किसान संघ ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट 2023 को लोक लुभावन और सच्चाई से परे बताया है। पुरानी घोषणाओं को पूरा नहीं करने के विरोध में शुक्रवार को किसानों ने घोड़े वाले चौराहे पर बजट की प्रतियाँ जलाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने बजट घोषणाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं होने पर 95 प्रतिशत से अधिक घोषणाओं को अधूरा बताते हुए जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष गिरिराज चौधरी, प्रांत प्रवक्ता आशीष मेहता, जिला मंत्री देवीशंकर गुर्जर, जिला प्रचार प्रमुख रुपनारायण यादव, बृजराज नागर, बिरधीलाल यादव के नेतृत्व में बजट को छलावा बताते हुए बजट भाषण की प्रतियाँ जलाई गई। इस दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए किसानों ने कहा कि जब बिजली ही नहीं मिल रही तो निशुल्क बिजली की घोषणा से क्या आस की जाए। सरकार ने पहले भी किसानों के लिए अलग बिजली निगम बनाने, तीन फेज बनाकर दिन में बिजली देने, 2023 में कृषि कनेक्शन की पेंडेन्सी खत्म करने, सोलर कनेक्शन देने जैसी घोषणाएं की थी। उनमें से एक भी पूरी नहीं हुई। अब 2 हजार यूनिट फ्री बिजली की घोषणा पर आशंका है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को 1 हजार ड्रोन उपलब्ध कराने, मेगा और मिनी फूड पार्क की पुरानी घोषणाएं फिर से दोहरा दी हैं। जबकि अभी तक एक भी फूड पार्क नहीं बना है। वहीं ड्रेन इरिगेशन को लेकर 200 करोड़ की घोषणा हुई परंतु कुछ नहीं हुआ। हर पंचायत में नंदीशाला के निर्माण की घोषणा भी थोथी साबित हुई है।

# पत्थर के वार से हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**छीपाबड़ौद।** छीपाबड़ौद थाना पुलिस ने पत्थर के वार से एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोपी अकील उर्फ मोनू पठान को शुक्रवार को गिरफ्तार करने मे सफलता हांसिल की। पुलिस के अनुसार आरोपी अकील उर्फ मोनू के खिलाफ ढोलम निवासी रमेश की मोखमपुरा और अमलावदा आली के जंगलों में पत्थर के वार से हत्या करने का मामला दर्ज है। पुलिस इसकी कई दिनों से तलाश कर रही थी।

# विवाहिता ने साड़ी का फंदा लगाकर जान दी

### पहला विवाह टूटने पर की थी दूसरी शादी

जननायक संवाददाता

**नाहरगढ़।** ग्राम पंचायत वार्ड नं पांच सोनीपुरा टापरा निवासी विवाहिता प्रीति ढीमर (22) ने शुक्रवार को किराए के मकान में अज्ञात कारणों के चलते गले में साड़ी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के भाई कस्बाथाना निवासी बलराम ढीमर ने बताया कि उसकी छोटी बहन प्रीति ढीमर की शादी तीन साल पहले बारां निवासी शोनू ढीमर से हुई थी, जो किसी कारणवश रिश्ता टूट गया और वह नाहरगढ़ निवासी मेरी बड़ी बहन के पास रहने लगी और कुछ दिन पहले नाहरगढ़ निवासी कालू तोमर से निटेरी के जरिए शादी कर ली। आज पता चला की प्रीति ने अज्ञात कारणों से फंदा लगा लिया और परिजन उसे लेकर हॉस्पिटल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्रीति को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर थानाधिकारी राजकुमार मीणा मय जाप्ते हॉस्पिटल पहुंचे और मृग दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



नाहरगढ़ हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका और डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम के लिए बारां जाने को कहा, लेकिन परिवार गरीब होने के कारण मृतका को बारां ले जाने के लिए पैसे नहीं थे। ऐसे में थानाधिकारी राजकुमार मीणा ने दरिया दिली दिखाते हुए अपनी ओर से साधन का इंतजाम किया।

## अभिभाषक परिषद खेलकूद प्रतियोगिता

# बारां के वकीलों ने अंता को हराया

जननायक संवाददाता

**कोटा।** अभिभाषक परिषद की और से आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में शुक्रवार को खेले गए क्रिकेट मैच में बार एसोसिएशन बारां ने बार एसोसिएशन अंता को हराया। संयोजक नरेश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को खेले गए क्रिकेट मैच में टीम ब्लू बार एसोसिएशन बारां ने टीम पैरट ग्रीन बार एसोसिएशन अंता को 34 रनों से हरा दिया। बार एसोसिएशन बारां ने पहले ने टांस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 186 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। प्रारंभिक बल्लेबाज ऋषभ गालव ने शानदार बल्लेबाजी में 68 गेंदों पर 92 रनों की पारी खेली। वे आखिरी ओवर में आउट हुए। बारां की ओर से बृजेश नागर ने 24 ,अरविंद नामा ने 22 तथा सुमित मीणा ने 10 रनों का योगदान दिया। बारां एसोसिएशन अंता की ओर से पुरुषोत्तम ने दो और गजेंद्र सुमन ने एक विकेट लिए।



इसके जवाब में बार एसोसिएशन अंता की टीम 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 152 रन ही बना सकी। अंता के प्रारंभिक बल्लेबाजों ने धीमी शुरुआत की। किंतु अंत में कप्तान सुरेंद्र सिंह अड़सेला ने 37 गेंदों पर 66 रनों की धुआंधार पारी खेल अपनी टीम को मुकाबले में खड़ा किया। चेतन पारेता 24 व मंजूर हसन ने 23 रनों का योगदान दिया। पूरी टीम 20 ओवर में 152 रन ही बना सकी। टीम ब्लू बार एसोसिएशन बारां ने यह मैच 34 रनों से जीत लिया। टीम ब्लू के ऋषभ गालव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें नरेश शर्मा, विशाल जोशी ने ट्रॉफी प्रदान कर पुरूस्कृत किया।

परिषद के महासचिव गोपाल चौबे ने बताया कि खेलकूद पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार से बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं जे.के. बैडमिंटन हॉल नयापुरा में खेली जाऐगी। बैडमिंटन प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण जैन, विशिष्ट अतिथि पुलिस निरीक्षक विशेष शाखा नीरज गुप्ता, मोदी एजुकेशन ग्रुप के चैयरमैन सुशील मोदी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा करेगे।

**कार्यालय नगर परिषद बून्दी**

क्रमांकः– 7982–86 दिनांकः– 31.01.2023

**–:: निविदा सूचना ::–**

नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा सं0: निर्माण/2022–23/7974 दिनांक 30/01/2023 की निविदा दिनांक 31/01/2023 से दिनांक 16/02/2023 शायः 6.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 17/02/2023 को 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 17/02/2023 को 04.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्ते व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in पर **DLB2223WSOB26802,** तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।

आयुक्त
नगर परिषद, बून्दी

राज.संवाद/सी/22/14273

(प्रारूप-10)
(नियम 6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मण्डल लाखेरी, जिला बून्दी (राज.)**

क्रमांकः6105 दिनांक 9/2/23

**–: लोक सूचना :–**

श्री राजेन्द्र प्रसाद आत्मज बुधाराम जाति मीना, निवासी स्वरूप सराय, तहसील मुंडावर जिला अलवर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (कृषि उद्योग) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि में अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वहन के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थातः-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| इन्द्रगढ़ जिला बून्दी | नया गांव | 384 व 385 | 0.57 है. में से 5700 व.मी. |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्व अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप दे तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को कोई आक्षेप नहीं है, और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक..............को जारी की गई।

**(मोतीशंकर नागर), प्राधिकारी अधिकारी**
**अधिषाशी अधिकारी, नगरपालिका लाखेरी**

## छठी मंजिल से गिरने पर कोचिंग छात्र की मौत का मामला

# अब नपेगा लापरवाह हॉस्टल संचालक

जननायक संवाददाता

**कोटा।** जवाहर नगर थाना इलाके में गत 3 फरवरी को तलवण्डी स्थित वात्सल्य रेजीडेंसी में छठी मंजिल से गिरने पर छात्र की मौत के मामले में पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर हॉस्टल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं।

पुलिस उप अधीक्षक अमर सिंह राठौड़ ने बताया कि गत 3 फरवरी को तलवण्डी स्थित वात्सल्य रेजीडेंसी की छठी मंजिल से गिरने पर एक कोचिंग छात्र इशान अंगशू 19 वर्ष पुत्र वप्पी भट्टाचार्या निवासी मास्टर क्वार्टर पेरानियर बी.एल.आर ऑफिस धुपगुड़ी जलपाईगुड़ी सिलिगुड़ी पश्चिम बंगाल की मौत हो गई थी। मृतक छात्र कोटा में रहकर एलन कोचिंग से नीट की तैयारी कर रहा था। छात्र अपने सहपाठी छात्रों के साथ हॉस्टल की बालकनी में बैठकर मोबाइल पर गेम खेल रहा था। रात को 11.15 बजे मोबाइल पर गेम खत्म होने के बाद वह उठकर अपने कमरे में जाने लगा। वह चप्पल पहन रहा था। उसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया था। वह हॉस्टल की छठी मंजिल की बालकनी पर लगी जाली को तोड़ता हुआ नीचे गिर गया था।



### प्रारंभिक जांच के आधार पर मामला दर्ज

*थानाधिकारी वासुदेव चारण ने बताया कि हॉस्टल में छात्र के छठी मंजिल से नीचे गिरकर मौत होने के मामले में पुलिस ने जांच शुरू की थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हॉस्टल में किसी प्रकार की सुरक्षा के इंतजाम नही पाएं गए थे। बालकनी में जो जालिया लगाई गई थी। वह काफी कमजोर थी। रात को जैसे ही छात्र जाली से टच हुआ। वह जाली को तोड़ता हुआ नीचे जा गिरा। इस मामले में हॉस्टल संचालक की घोर लापरवाही सामने आई थी। संचालक के खिलाफ पुलिस ने उपेक्षा एवं लापरवाही बरतने का मामला दर्ज किया गया हैं। 3*

# मोबाइल छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा।** जीआरपी ने ट्रेन में सफर कर रहे यात्री का मोबाइल छिनने के दो आरोपियो को गिरफ्तार किया हैं। जीआरपी कोटा पोस्ट प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने बताया कि 9 फरवरी को रणजीत सिंह 8 फरवरी को झालावाड़ से भीलवाड़ा के लिए ट्रेन के जनरल कोच में यात्रा कर रहा था। उसने कोटा में ट्रेन बदली। कोटा से वह लोकल ट्रेन में चित्तोड़गढ़ तक यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान कोटा व बून्दी के बीच किसी अज्ञात बदमाशो ने झपट्टा मारकर उसका मोबाईल छिन लिया और फरार हो गए। जीआरपी ने अनुसंधान के दौरान यात्री का मोबाईल छिनने के आरोपी फैजल 19 वर्ष पुत्र अख्तर अली पठान व सलमान 25 वर्ष पुत्र आशिक अली पठान निवासी साजी देहड़ा थाना किशोरपुरा कोटा को गिरफ्तार किया हैं। आरोपियो से चोरी किया मोबाईल बरामद कर लिया हैं। गिरफ्तार आरोपी सलमान पूर्व में कई बार डकेती, लूट, चोरी व आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में गिरफ्तार हो चूका हैं। वह वर्तमान में हाईकोर्ट से जमानत पर चल रहा था।

# वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा

### शातिर आरोपी गिरफ्तार, 3 ट्रैक्टर और 3 मोटरसाइकिल बरामद

जननायक ब्यूरो

**बूंदी।** जिला पुलिस ने वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से चोरी के 3 ट्रैक्टर और 3 मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बूंदी शहर में हो रही चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए इनके खुलासे क्के विशेष निर्देश दिये थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल के निर्देशन व वृताधिकारी बून्दी के सुपरविजन में थानाधिकारी सदर बून्दी अरविन्द भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने चोरी गए वाहनों और आरोपियों की बूंदी, उंदालिया की डूंगरी, चित्तौड रोड, सिलोर रोड, तालाब गांव आदि स्थानों पर तलाश की। तकनीकी सहायता, मुखबिर व आसूचना तंत्र के माध्यम से ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल चुराने वाले एक आरोपी गिर्राज (50) पुत्र तेजसिंह दरोगा निवासी रामी की झोपड़ियां, पुलिस थाना बसोली, बूंदी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 3 ट्रैक्टर और 3 मोटरसाइकिल बरामद की है वारदातों के दौरान आरोपी गिर्राज के साथियों, अन्य वारदातों तथा गिरोह के संबंध में अनुसंधान जारी है।

# पड़ौसी महिला व पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज

**छात्रा सुसाइड मामला**

**कोटा।** कुन्हाड़ी थाना इलाके में लैण्डमार्क सिटी में कोचिंग छात्रा के 10 वी मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर पड़ौसी महिला व उसके पुत्र के खिलाफ धमकाने, दुष्कर्म व पोस्को एक्ट में मामला दर्ज किया गया हैं। पुलिस उप अधीक्षक शंकरलाल ने बताया कि 8 फरवरी को शाम को कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के लैण्डमार्क सिटी में कृष्णा पैराडइज हॉस्टल की दसवीं मंजिल से कूद कर एक कोचिंग छात्रा ने सुसाइड कर लिया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए छात्रा के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था। शुक्रवार को मृतक के परिजनों के आने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव उनको सौंप दिया। छात्रा के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला था। जिसमें उसने गुड बॉय मम्मी, पापा, नाना नानी लिखा हुआ था।

उन्होंने बताया कि कुन्हाड़ी थाने में मृतक छात्रा के पिता ने उसी बिल्डिंग में रहने वाली एक महिला व उसके पुत्र के खिलाफ उसकी पुत्री को धमकाने, आत्महत्या करने के लिए उकसाने, दुष्कर्म व पोस्को एक्ट में मामला दर्ज करवाया है। पिता का आरोप हैं। महिला अपने पुत्र के साथ उसी बिल्डिंग में पांचवी मंजिल पर रहती हैं। महिला का पुत्र उसकी पुत्री का कोचिंग आते जाते समय पीछा करता था। वह उसकी पुत्री से फोन पर बातें करता था। इस बारे में पता चलने पर उसकी मां ने उसकी पुत्री को उसके कमरे पर जाकर 8 फरवरी को धमकाया था। आरोपी छात्र व मृतक छात्रा दोनों नाबालिग हैं।

मोर्चरी के बाहर मृतका के पिता ने कहा कि इस मामले में उन्हें न्याया चाहिए। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। उधर भाई ने बताया कि उसकी बहिन को किसी प्रकार का कोई तनाव नही था। बुधवार को उसकी शाम को 5 बजे उसकी बहिन से फोन पर बात हुई थी। तब उसने बताया था कि उसकी बिल्डिंग में रहने वाली एक महिला उसे कमरे पर आकर धमकी दे रही हैं।

**DENIM DEVELOPERS LIMITED**
**Regd. Office: Flat No. 1273, Suwalka Riddhi Siddhi Residency, Plot No. 1-4, Rajeev Gandhi Nagar Ext, Road No.1, IPIA, Kota-324005, Rajasthan**
**CIN: L36101RJ1969PLC076649 Email: info@denim.org.in, Mob:- +91-73000-83921**

Extract of Consolidated Un-Audited Financial Results for the quarter and nine month ended as on 31st December, 2022
(Rs.in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 31-12-2022 (Un-Audited) | Quarter Ended 31-12-2021 (Un-Audited) | Nine Month Ended 31-12-2022 (Un-Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 429.62 | 1986.87 | 1258.82 |
| | Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary items) | 178.81 | 64.64 | 407.61 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 178.81 | 64.64 | 407.61 |
| 4. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 134.27 | 49.65 | 305.39 |
| 5. | Total Comprehensive income for the period [Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 152.72 | 57.08 | 469.44 |
| 6. | Equity share capital (face value Rs.10/- each) | 1,061.42 | 1,061.42 | 1,061.42 |
| 7. | Reserves (excluding revaluation reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year i.e. 31.03.2022 | 7,675.18 | - | 7675.18 |
| 8. | Earnings Per Share (for continuing and discontinued operations) (of Rs.10/- each) Basic & diluted | 1.44 | 0.54 | 4.42 |

Key Number of Standalone Financial Results

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 31-12-2022 (Un-Audited) | Quarter Ended 31.12.2021 (Un-Audited) | Nine Month Ended 31-12-2022 (Un-Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 386.24 | 86.64 | 1026.91 |
| 2. | Net Profit/ (Loss) for the period before tax | 194.33 | 58.09 | 466.70 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period after tax | 149.80 | 43.10 | 364.48 |

1. The above is an extract of the detailed format of Un-audited Consolidated Financial Results for the quarter and nine month ended on December 31, 2022 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the said Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange(s) and the company at www.msei.in and www.denimdevelopersltd.com.
2. The above financial results of the Company are reviewed and recommended by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors at their respective meetings held on February 09, 2023. The Statutory Auditors have carried out a limited review of these financial results.

Place: Kota
Date : February 09, 2023

For Denim Developers Limited Sd/-
Rajesh Kumar Patil,
Whole-time Director & Chief Financial Officer (DIN: 02333360)